भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2803
बुधवार, 17 जुलाई, 2019/26 आषाढ़, 1941 (शक)

15-24 वर्ष आयु वर्ग में बढ़ती बेरोजगारी दर

2803. श्री सुशील कुमार गुप्ताः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार 15-24 वर्ष की आयु वर्ग में बेरोजगारी दर बहुत अधिक है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के बीच इस आयु वर्ग में बेरोजगारी दर कितनी रही है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई हैः

सर्वेक्षण* वर्ष	बेरोजगारी दर
2017-18(पीएलएफएस) (आयु 15-29 वर्ष)	**17.8%**
श्रम ब्यूरो के सर्वेक्षण	
2015-16 (आयु 18-29 वर्ष)	**10.2%**
2013-14 (आयु 18-29 वर्ष)	**9.4%**

(टिप्पणीः *पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

*****